**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1180**
**(30 जुलाई, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

**न्यूनतम मजदूरी के लिए मानदंड**

**1180. श्री चरनजीत सिंह चन्नी:**
**श्री रमाशंकर राजभर:**
**श्री गुरमीत सिंह मीत:**

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस) का ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में विशेषकर पंजाब और हरियाणा राज्यों में मनरेगा के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली वर्तमान दैनिक मजदूरी का ब्यौरा क्या है; और

(ग) मनरेगा के अंतर्गत न्यूनतम मजदूरी और कार्य के घंटे निर्धारित करने के मानदंड क्या हैं;

(घ) क्या सरकार का न्यूनतम मजदूरी और कार्य के घंटे बढ़ाने का कोई प्रस्ताव है , यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) सरकार द्वारा उक्त श्रमिकों को एक माह में उपलब्ध कराए जा रहे कार्य दिवस की संख्या कितनी है?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(श्री कमलेश पासवान)**

**(क):** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना ) एक मांग आधारित मजदूरी रोजगार कार्यक्रम है जो प्रत्येक परिवार , जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रम करने के इच्छुक हैं , को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिन का गारंटीकृत मजदूरी रोजगार प्रदान करके देश के ग्रामीण क्षेत्रों में परिवारों की आजीविका सुरक्षा में वृद्धि करता है। महात्मा गांधी नरेगा के उद्देश्य निम्नलिखित हैं:

(i ) ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक परिवार को मांग के अनुसार एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिन का अकुशल शारीरिक श्रम उपलब्ध कराना , जिसके परिणामस्वरूप निर्धारित गुणवत्ता और स्थायित्व वाली उत्पादक परिसंपत्तियों का सृजन हो सके;

(ii) गरीबों के आजीविका संसाधन आधार को मजबूत करना;

(iii) सामाजिक समावेशन को सक्रिय रूप से सुनिश्चित करना

(iv) पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) को मजबूत बनाना

**(ख):** पंजाब और हरियाणा सहित चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत अकुशल श्रमिकों के लिए राज्य /संघ राज्य क्षेत्रवार मजदूरी दरें **अनुबंध-I** में दी गई हैं।

**(ग) और (घ)**: महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (महात्मा गांधी नरेगा) 2005 के भाग 6(1) के अनुसार केन्द्र सरकार अधिसूचना द्वारा योजना के लाभार्थियों के लिए अकुशल कार्य की मजदूरी दर निर्धारित कर सकती है। भारत सरकार वर्ष 2011-12 से कृषि श्रम के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई-एएल) का उपयोग करके मजदूरी दरों का निर्धारण कर रही है।

ग्रामीण विकास मंत्रालय कृषि श्रम के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई-एएल) में परिवर्तन के आधार पर प्रत्येक वित्तीय वर्ष में मजदूरी दर में संशोधन करता है। **श्रम ब्यूरो शिमला द्वारा अधिसूचित यह सूचकांक विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए अलग-अलग है।** यदि किसी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की चालू वर्ष के लिए सूचकांक के अनुसार गणना की गई मजदूरी दर, पिछले वर्ष की मजदूरी दर से कम है , तो उसे पिछले वर्ष की मजदूरी दर को बनाए रखते हुए संरक्षित किया जा रहा है। संशोधित मजदूरी दर प्रत्येक वित्तीय वर्ष की पहली अप्रैल से लागू होती है। **हालाँकि, प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित मजदूरी दर से अधिक मजदूरी प्रदान कर सकता है।**

महात्मा गांधी नरेगा की अनुसूची -I के पैरा 19(क) एवं (ख) के अनुसार, "विभिन्न अकुशल श्रमिकों के लिए मजदूरी की दरों की अनुसूची तय की जाएगी , ताकि एक वयस्क व्यक्ति आठ घंटे कार्य करे, जिसमें एक घंटा विश्राम भी शामिल हो , तो उसे निर्धारित मजदूरी दर के बराबर मजदूरी मिलेगी तथा एक वयस्क श्रमिक के कार्य घंटे अनुकूल होंगे , लेकिन किसी भी दिन बारह घंटे से अधिक नहीं होंगे।"

**महात्मा गांधी नरेगा श्रमिकों के कार्य घंटों में परिवर्तन के संबंध में वर्तमान में इस मंत्रालय में कोई योजना नहीं है।**

**(ङ):** चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 (24.07.2024 की स्थिति के अनुसार) के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत उपलब्ध कराए गए रोजगार (सृजित कार्य दिवसों में ) का माहवार विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

**लोक सभा में दिनांक 30.07.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 1180 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-I**

| **चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत अकुशल श्रमिकों के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार मजदूरी दरें, जिनमें पंजाब और हरियाणा भी शामिल हैं।** | | |
|---|---|---|
| **क्र. सं.** | **राज्य /संघ राज्य क्षेत्र** | **2024-25** |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 300 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 234 |
| 3 | असम | 249 |
| 4 | बिहार | 245 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 243 |
| 6 | गोवा | 356 |
| 7 | गुजरात | 280 |
| **8** | **हरियाणा** | **374** |
| 9 | हिमाचल प्रदेश गैर-अनुसूचित क्षेत्र | 236 |
| 9(क) | हिमाचल प्रदेश अनुसूचित क्षेत्र | 295 |
| 10 | जम्मू-कश्मीर | 259 |
| 11 | लद्दाख | 259 |
| 12 | झारखंड | 245 |
| 13 | कर्नाटक | 349 |
| 14 | केरल | 346 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 243 |
| 16 | महाराष्ट्र | 297 |
| 17 | मणिपुर | 272 |
| 18 | मेघालय | 254 |
| 19 | मिजोरम | 266 |
| 20 | नागालैंड | 234 |
| 21 | ओडिशा | 254 |
| **22** | पंजाब | **322** |
| 23 | राजस्थान | 266 |
| 24 | सिक्किम | 249 |
| 24 (क) | सिक्किम (3 ग्राम पंचायतें जिनके नाम ग्नथांग, लाचुंग और लाचेन हैं) | 374 |
| 25 | तमिलनाडु | 319 |

| | | |
|---|---|---|
| 26 | तेलंगाना | 300 |
| 27 | त्रिपुरा | 242 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 237 |
| 29 | उत्तराखंड | 237 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 250 |
| 31 | अंडमान | 329 |
| 31(क) | निकोबार | 347 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 324 |
| 33 | लक्षद्वीप | 315 |
| 34 | पुदुचेरी | 319 |

लोक सभा में दिनांक 30.07.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 1180 के भाग (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-II

| चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत उपलब्ध कराए गए रोजगार का माहवार विवरण (सृजित कार्य -दिवसों में) (दिनांक 24.07.2024 तक) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | सृजित कार्य दिवस | | | |
| | | अप्रैल | मई | जून | जुलाई |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 59837554 | 67464093 | 27801708 | 6348775 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 265421 | 453915 | 575199 | 173887 |
| 3 | असम | 3462856 | 6977243 | 6759038 | 2429429 |
| 4 | बिहार | 31030686 | 39556296 | 36337184 | 4039691 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 25723894 | 31823396 | 18633907 | 1619054 |
| 6 | गोवा | 2600 | 6162 | 7629 | 2277 |
| 7 | गुजरात | 6937213 | 7977337 | 5724750 | 894619 |
| 8 | हरियाणा | 374926 | 741726 | 1606422 | 354354 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 3380682 | 3956937 | 4032894 | 1383510 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 345404 | 1136545 | 2267006 | 1334286 |
| 11 | झारखंड | 13293475 | 13470847 | 10739945 | 3663154 |
| 12 | कर्नाटक | 17492025 | 22397490 | 17317304 | 6894809 |
| 13 | केरल | 2382787 | 4651083 | 6200048 | 3655226 |
| 14 | लद्दाख | 14836 | 57887 | 41838 | 21437 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 20355013 | 26559252 | 24929480 | 6840606 |
| 16 | महाराष्ट्र | 18095699 | 28393657 | 19896375 | 4152192 |
| 17 | मणिपुर | 87969 | 140184 | 215770 | 146228 |
| 18 | मेघालय | 309655 | 825326 | 1003328 | 239537 |
| 19 | मिजोरम | 2068727 | 2087770 | 1552314 | 131571 |
| 20 | नागालैंड | 43958 | 233013 | 383999 | 169337 |
| 21 | ओडिशा | 10810882 | 11754528 | 9924935 | 3915753 |
| 22 | पंजाब | 1960777 | 2652479 | 2263065 | 1109337 |
| 23 | राजस्थान | 30168003 | 54914417 | 54833954 | 12010324 |
| 24 | सिक्किम | 60640 | 206428 | 203519 | 228752 |
| 25 | तमिलनाडु | 1150678 | 5634606 | 10090480 | 9682244 |
| 26 | तेलंगाना | 42709555 | 43014332 | 12044794 | 1335328 |
| 27 | त्रिपुरा | 804265 | 2860727 | 4006893 | 2251205 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 30548913 | 43368323 | 43765355 | 7625843 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 29 | उत्तराखंड | 1776139 | 1961938 | 1647258 | 417075 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 31 | अण्डमान और निकोबार | 8389 | 7617 | 2990 | 2563 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 12744 | 1408 | 58471 | 6513 |
| 33 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 34 | पुदुचेरी | 7273 | 29621 | 85373 | 54151 |
| | **कुल** | **325523638** | **425316583** | **324953225** | **83133067** |

*****